## गुस्ताखी माफ



पल्ले कुछ ना पुलिस के, समझ गये हैं चोर।
लूट-स्नेचिंग-चोरियां, यह दिल मांगे मोर।
यह दिल मांगे मोर, रोक सकता ना कोई।
चादर लंबी तान, पुलिस थानों में सोई।
कह साहिल कविराय, हो रही बल्ले-बल्ले।
समझ गये हैं चोर, पुलिस के कुछ ना पल्ले।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 145 | FRIDAY 05-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# दिल्ली की आग से लुधियाना को नहीं लगा सेक! क्या कारपोरेशन अधिकारियों को बड़ी त्रासदी का इंतजार?

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/4 जून। दिल्ली के हौजरानी इलाके में फ्लरिश स्टे होटल में भयानक आगजनी के कारण करीब 21 लोगों के बाद कई अहम खुलासे हुए हैं। उक्त फ्लरिश स्टे होटल रिहायशी इलाके में इललीगल बना है, यहां तक कि होटल में 5 कमरे बनाने की परमीशन के बावजूद 25 रुम बनाए। फायर सेफ्टी के तौर पर होटल फेल था। लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत के बाद होटल बना। ऐसे ही कुछ हालात लुधियाना में देखने को मिल रहे हैं। जहां पर धड़ल्ले से एससीएफ को होटल में तब्दील कर डाला, कहीं रिहायशी इलाके में होटल बनवाए तो कहीं तंग गलियों में होटल बना डालें। जिसमें भदौड़ हाउस स्थित होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल व होटल सरताज और घंटा घर शू मार्केट स्थित होटल नीलकंठ और मोती नगर में होटल ब्लू सेवन शुमार हैं। वहीं मल्हार रोड तो पूरी की पूरी ही इललीगल बनी है। यह मामले मीडिया की सुर्खियों में आने के बावजूद नगर निगम और फायर विभाग ने कोई एक्शन नहीं लिया। सिर्फ नोटिस निकाले और शांत हो गए। जिसके चलते शहर में चर्चा छिड़ गई है कि निगम व फायर विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के बाद इन होटलों को बनाया जा रहा है। बनने के बाद भी दूसरे अधिकारी एक्शन लेने की जगह आपसी सेटिंग कर चुप हो जाते हैं। ऐसे करके अधिकारी सैकड़ों जानों को जोखिम में डाल रहे हैं। अगर लुधियाना में ऐसी कोई घटना होती है तो इसका पूरा कसूरवार निगम की बिल्डिंग ब्रांच और फायर विभाग के अधिकारी ही होंगे। उच्च अधिकारियों को भी दिल्ली की घटना से सीख लेने की जरुरत है।




होटल विक्रांत



होटल ग्रेटवॉल




होटल महाराजा




होटल नीलकंठ

## 10 फीट गली में बिना फायर एनओसी चल रहा होटल नीलकंठ



चर्चा है कि घंटा घर शू मार्केट के पीछे 10 फीट की तंग गली में 5 मंजिलां बना होटल नीलकंठ पूरी तरह से इललीगल है। पूर्व एडीएफओ सवरन चंद और एफएसओ करतार सिंह ने उक्त होटल को अवैध तरीके से एनओसी जारी की थी। लेकिन खुलासा होने पर कैंसिल कर दी। आज भी उक्त होटल बिना फायर एनओसी चल रहा है। वहीं आज भी एफएसओ करतार सिंह विभाग में ड्यूटी दे रहे हैं। जबकि दोनों अफसरों खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई थी। चर्चा है कि अगर भ्रष्ट अधिकारी ड्यूटी पर होंगे तो नियम फॉलो करने की क्या उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि मामले में एफएसओ करतार सिंह का कहना था कि उन्होंने नियमों के मुताबिक एनओसी जारी की थी।

## रिहायशी इलाके में कोठी में खोल डाला होटल





*वहीं मोती नगर मार्केट के साथ लगते रिहायशी इलाके में सरेआम होटल ब्लू सेवन चलाया जा रहा है। निगम जोन-बी के अधीन आते इस होटल पर आज तक एक्शन नहीं हुआ। चर्चा है कि उक्त होटल भी एक कोठी में चल रहा है।*

## फायर सेफ्टी के मानकों पर खरे नहीं उतरते होटल

बता दें कि होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज जिस जमीन पर बने हैं, वे लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की जमीन हैं। जिसे एससीएफ (शॉप कम फ्लैट) के तौर पर बेचा गया था। जिसमें नीचे एक शॉप और एक ऊपरी मंजिल बननी थी। लेकिन कुछ बाहुबलियों ने निगम जोन-ए से चंद दूरी पर स्थित उक्त जमीन पर अफसरों के साथ मिलीभगत करके 5-6 मंजिलां आलीशान होटल बना डाले। पहले तो वे होटल ही नहीं बन सकते थे, अब अगर बने तो हाउसलेन नहीं छोड़ी। वहां फायर सेफ्टी के मानक भी पूरी नहीं है। फायर विभाग उन्हें कई बार नोटिस भी निकाल चुका, मगर फिर सेटिंग होने के चलते शांत हो गए।

## इलीलगल निर्माण के आरोपों में घिरे इंस्पेक्टर ने की थी अधूरी कार्रवाई

चर्चा है कि होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल, होटल सरताज और होटल नीलकंठ इललीगल संबंधी मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट द्वारा निगम अफसरों से रिपोर्ट तलब की गई थी। जिसके चलते आनन फानन में निगम बिल्डिंग ब्रांच के एटीपी कपिल देव और इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ द्वारा इन सभी होटलों के कूछ कमरों को नॉनकंपाउंडेबल बता उन्हें सील कर दिया। जबकि यह पांचों होटल पूरी तरह से सील करने बनते थे। मगर अधूरी कार्रवाई की।



बता दें कि इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ वहीं अधिकारी हैं, जिन पर हाल ही में इलीलगल निमाणों पर कार्रवाई न करने और ड्यूटी सही से न निभाने पर चार्जशीट दाखिल करने के आदेश हुए हैं। अब देखना होगा कि इन मामलों में लापरवाही करने पर एटीपी-इंस्पेक्टर पर विभाग क्या एक्शन लेता है।

## मल्हार रोड पूरी की पूरी इललीगल

*वहीं बता दें कि मल्हार रोड पूरी की पूरी इललीगल है। उक्त रोड पर बना हर शोरुम अवैध तरीके से अफसरों की सेटिंग के बाद बनाया गया है। किसी भी शोरुम में हाउसलेन नहीं है, वहीं बेसमेंट में पार्किंग की जगह शोरुम चल रहे हैं। अकाली दल और कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में धड़ल्ले से शोरुम बने थे।*

## 30-35 मंजिलां इमारतों को इललीगल दी जा रही मंजूरी

एक्सपर्ट व कारोबारी राकेश कुमार लक्ष्य ने कहा कि अधिकारियों द्वारा शहर में 30-35 मंज़िल तक की इमारतों की धड़ाधड़ मंजूरी दी जा रही है। लेकिन इस चमकते विकास के पीछे एक खौफनाक मंजर छिपा है। फायर ब्रिगेड आज भी साधारण है। शहर में एजीआई स्काई विला, ओमेक्स के टावर 26 से 31 मंज़िल तक ऊंचे हैं, वहीं द मैगनिक होम्स 36 मंज़िलों की ऊंचाई के साथ राज्य की सबसे बड़ी इमारत बना रहा है। यह इमारतें तो बन रही हैं, लेकिन क्या इसमें अगर आगजनी हुई तो इतनी ऊंचाई तक फायर सिस्टम पहुंच सकेगा या नहीं यह बड़ा सवाल है। जिसे देख साफ पता चलता है कि अफसर आपसी मिलीभगत करके निर्माण करवा रहे हैं।

# टक्कर मारकर चालक हुआ फरार, पुलिस ने नंबर के आधार पर शुरू की तलाश


लालड़ू/यूटर्न/04 जून। मलकपुर और बल्लोपुर के बीच लिंक रोड पर हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। सबसे मार्मिक पहलू यह रहा कि बेटे की आंखों के सामने उसके पिता को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस को दिए बयान में गांव मलकपुर निवासी हरकीरत सिंह ने बताया कि वह अपने पिता महेंद्र सिंह के साथ 2 जून की दोपहर निजी काम से लालड़ू मंडी जा रहा था। दोनों अलग-अलग वाहनों पर सवार थे। हरकीरत सिंह एक्टिवा चला रहा था, जबकि उसके पिता स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर उससे आगे चल रहे थे। दोपहर करीब 2:35 बजे जब वे मलकपुर और बल्लोपुर के बीच लिंक रोड पर पहुंचे तो सामने से आ रही एक काली स्कॉर्पियो ने कथित रूप से लापरवाही और तेज गति से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शी बने बेटे के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि उसके पिता सड़क पर सिर के बल गिर पड़े। हादसे में उनके माथे पर गंभीर चोट लगी और हाथ-पैर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तुरंत एमएम अस्पताल सद्दोपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिवार के अनुसार हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक रुकने के बजाय वाहन समेत फरार हो गया। शिकायत में वाहन का नंबर एचआर-22यू-0896 बताया गया है। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

Uturn Time 05 June 2026_Layout 2 04-06-2026 23:08 Page 2



# बंगाल का बड़ा खेला: टीएमसी को उसी दवा का स्वाद चखना पड़ा, जो उसने कभी वामपंथियों को दी थी

58 विधायकों की अभूतपूर्व बगावत के बाद तृणमूल कांग्रेस का अपनी सभी संगठनात्मक समितियों को भंग करने का फैसला महज एक आंतरिक प्रशासनिक कवायद नहीं है। यह एक गहरे राजनीतिक संकट को दशार्ता है, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद से ही पनप रहा है। नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर विवाद शायद इसकी तात्कालिक वजह हो, लेकिन असली कहानी उस पार्टी के संगठनात्मक तालमेल में आई तेजी से गिरावट की है, जिसने 15 सालों तक बंगाल की राजनीति पर राज किया था।



संदीप शर्मा, सम्पादक

मौजूदा हालात में एक ऐतिहासिक विडंबना भी छिपी है। जब ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने 2011 में जबरदस्त जीत हासिल कर सत्ता संभाली थी, तो उसने न सिर्फ.वाम मोर्चा सरकार को हराया था, बल्कि बंगाल में कम्युनिस्ट आंदोलन के संगठनात्मक वर्चस्व को भी पूरी तरह से खत्म कर दिया था। कभी बेहद ताकतवर रही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), जिसने 34 सालों तक लगातार राज्य पर राज किया था, को अपने कार्यकताओं, स्थानीय नेताओं और जमीनी स्तर के समर्थकों के लगातार पार्टी छोड़कर जाने का सिलसिला देखना पड़ा था।

भारतीय राजनीति में चुनावी हार अक्सर संगठनात्मक पतन की वजह बन जाती है। सत्ता की निश्चितता के भरोसे खड़ी हुई पार्टियों के लिए, जब वह सत्ता हाथ से निकल जाती है, तो अपना अस्तित्व बचाए रखना मुश्किल हो जाता है। अब टीएमसी भी कुछ इसी तरह की चुनौती का सामना करती नजर आ रही है। सत्ता से बाहर होने के बाद से, ऐसी खबरें आ रही हैं कि वरिष्ठ नेता पार्टी की गतिविधियों से दूरी बना रहे हैं, चुने हुए प्रतिनिधि इस्तीफा दे रहे हैं, और गुटबाजी की आपसी रंजिशें तेज होती जा रही हैं। पार्टी के आधिकारिक नेतृत्व की लाइन के खिलाफ 58 विधायकों की बगावत शायद अब तक का सबसे साफ संकेत है कि पार्टी की आंतरिक सत्ता संरचनाओं पर भारी दबाव पड़ रहा है। इस स्थिति को और भी ज्यादा गंभीर बनाने वाली बात है, इस बगावत का व्यापक दायरा। यह महज मुट्ठी भर नाराज विधायकों का किया-धरा नहीं है। यह इस बात का संकेत है कि पार्टी के भीतर ही कई लोग फैसले लेने की प्रक्रिया और संगठन की भविष्य की दिशा, दोनों पर ही सवाल उठा रहे हैं। पार्टी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बनर्जी को बागी विधायकों द्वारा नेता प्रतिपक्ष के तौर पर चुना जाना, केंद्रीय नेतृत्व के अधिकार को दी गई एक सीधी चुनौती है।

सीपीएम के साथ की जा रही इस तुलना को बहुत ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर नहीं देखा जाना चाहिए। तृणमूल के पास अभी भी विधानसभा में विधायकों की एक बड़ी संख्या मौजूद है, और उसके पास अब भी ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के इर्द-गिर्द केंद्रित एक करिश्माई नेतृत्व संरचना मौजूद है। 2011 के वामपंथियों के विपरीत, यह पार्टी अभी भी राज्य में मुख्य विपक्षी दल बनी हुई है। फिर भी, इन समानताओं को नजरअंदाज करना मुश्किल है। सीपीएम का पतन किसी अचानक हुई भारी गिरावट से नहीं, बल्कि सांगठनिक अनुशासन के धीरे-धीरे कमजोर पड़ने, कार्यकताओं का विश्वास खोने और हार से शुरू हुआ। इसके बाद, राजनीतिक कार्यकताओं का उन जगहों की ओर लगातार पलायन शुरू हो गया, जिन्हें वे सत्ता का केंद्र मानते थे। और ऐसा लगता है कि वही राजनीतिक कर्म अब टीएमसी पर भी भारी पड़ रहा है।

# हरियाणा में अकसे होगी विकास योजनाओं की निगरानी, CM सैनी ने मांगा 5 साल का रोडमैप

## हर विभाग को देना होगा रिपोर्ट कार्ड, अकटूल पर अपलोड होंगी योजनाएं

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। हरियाणा सरकार अब विकास कार्यों की निगरानी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का सहारा लेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे अगले पांच वर्षों की अपनी कार्ययोजना और रोडमैप को विशेष रूप से तैयार किए गए अकटूल पर अपलोड करें, ताकि उनकी नियमित समीक्षा की जा सके।




हरियाणा विजन-2047 के तहत आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप आगे बढ़ाने के लिए हर विभाग की योजनाओं पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल वार्षिक योजना ही नहीं, बल्कि हर तिमाही में किए जाने वाले कार्यों का भी पूरा ब्यौरा टाइमलाइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं प्रत्येक विभाग की प्रगति की तिमाही समीक्षा करेंगे और पहले दिए गए निदेर्शों पर हुई कार्रवाई का भी मूल्यांकन करेंगे। इसके लिए विभागों को बैठक से दो दिन पहले अपनी प्रगति रिपोर्ट भेजनी होगी। बैठक में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की आगामी पांच साल की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस कर्मियों के लिए पर्याप्त संख्या में आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाले आवास तैयार किए जाएं। साथ ही पुलिस थानों, पुलिस लाइनों और प्रशिक्षण केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित किया जाए।

पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक आलोक मित्तल ने बताया कि निगम अब तक 12,683 आवास, 165 पुलिस स्टेशन, 26 महिला पुलिस थाने, 13 पुलिस लाइनें, 3 पुलिस प्रशिक्षण केंद्र और 21 पुलिस पब्लिक स्कूलों सहित सैकड़ों भवनों का निर्माण कर चुका है।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि भविष्य में बनने वाले सभी सरकारी भवन ऊर्जा दक्ष (Energy Efficient) और ग्रीन बिल्डिंग मॉडल पर आधारित हों, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों की बचत भी सुनिश्चित की जा सके।

सरकार का मानना है कि तकनीक और बेहतर योजना के जरिए हरियाणा को वर्ष 2047 तक एक विकसित और आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

# हर जरूरतमंद को घर देने की तैयारी, हरियाणा सरकार ने बनाया नया रोडमैप

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य के किसी भी पात्र परिवार को आवास की सुविधा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद परिवार के सिर पर अपनी छत हो और इसके लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। हरियाणा विजन-2047 के तहत आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने ₹हाउसिंग फॉर ऑल₹ विभाग को निर्देश दिए कि राज्य में बचे हुए सभी पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास उपलब्ध कराने की विस्तृत योजना तैयार की जाए।



मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र लोगों तक ही पहुंचना चाहिए। यदि किसी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया गया पाया गया, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना समेत पांच प्रमुख योजनाओं के तहत अब तक 2.31 लाख से अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए लगभग 2375 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। इसके अलावा राज्य में 10,649 प्लॉट और फ्लैट आवंटन के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका आवंटन जल्द से जल्द पात्र परिवारों को किया जाए। नायब सैनी ने कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चितकरने के लिए सभी लाभार्थियों की सूची ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक की जाए, ताकि यह जांच हो सके कि योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचा है या नहीं। मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर घुमंतू समुदायों के लिए भी राहत की घोषणा करते हुए कहा कि ऐसे गरीब परिवारों को पंजीकरण शुल्क में छूट देने की संभावनाओं पर काम किया जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हर पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जाए और योजनाओं में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आदिशक्ति महाशक्ति प्रोडक्शन द्वारा आयोजित ऑडिशन में कलाकारों ने भाग लिया

लुधियाना/यूटर्न/4 जून। आदिशक्ति महाशक्ति प्रोडक्शन ने लुधियाना के श्री गुरु नानक देव भवन में ऑडिशन आयोजित किए, जिसमें बड़ी संख्या में कलाकारों ने भाग लिया। भाग लेने वाले कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत मिस मौली-के ने की। मिस वाराही रतन और मिस मौली-के मंच पर आई और भाग लेने वाले कलाकारों का मार्गदर्शन किया। इस ऑडिशन में रा कौशल और रितु शर्मा



ने निर्णायक की भूमिका निभाई, और भाग लेने वाले कलाकारों का चयन अभी भी विचाराधीन है। इसी दिन, गायक रा कौशल ने अपना नया गाना 'मूनलाइट' लॉन्च किया। आदिशक्ति महाशक्ति प्रोडक्शन टीम में हरविंदर सिंह सहोता, संदीप कुमार, सरबजीत कौर, एडवोकेट नीरू रतन, एडवोकेट भारत कुमार (साहिल), एडवोकेट अखिल सूरी, सीमा रानी और प्रज्ञा ने बड़े उत्साह के साथ अपनी-अपनी भूमिकाएं निभाईं, और ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि की ओर से बिमला देवी जी उपस्थित हुईं और उन्होंने सभी को आशीर्वाद दिया।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 शुक्रवार, 05 जून 2026



पेज 06 हाईवे के खतरनाक यू-टर्न ने फिर ली परीक्षा...





# बंद और NPA यूनिट को मिला सरकारी लाभ ? DIC लुधियाना की मंजूरियों पर उठे सवाल

## शिकायत में घूसखोरी, कथित फर्जी स्वीकृतियों और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप

लुधियाना/यूटर्न/04 जून। पंजाब के उद्योग विभाग में कथित भ्रष्टाचार, प्रोत्साहन योजनाओं में अनियमितताओं तथा सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) लुधियाना में कार्यरत रहे दो अधिकारियों के विरुद्ध दायर विस्तृत शिकायत ने उद्योग विभाग की कार्यप्रणाली, प्रोत्साहन स्वीकृतियों तथा सरकारी निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि औद्योगिक इकाइयों को दी जाने वाली सरकारी सहायता एवं प्रोत्साहन योजनाओं का दुरुपयोग किया गया, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंची।

शिकायत में तत्कालीन महाप्रबंधक राकेश कंसल तथा कार्यात्मक प्रबंधक मनिंदर सिंह का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि जून 2022 से अगस्त 2025 के बीच उनकी तैनाती के दौरान अनेक औद्योगिक स्वीकृतियों एवं प्रोत्साहन मामलों में गंभीर अनियमितताएं हुई। शिकायतकर्ता का दावा है कि दोनों अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कुछ इकाइयों को अनुचित लाभ पहुंचाया, जबकि वास्तविक औद्योगिक इकाइयां वर्तमान में विभागीय वसूली नोटिसों का सामना कर रही हैं।







### शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं

शिकायतकर्ता का कहना है कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्री कार्यालय, सतर्कता ब्यूरो, आबकारी एवं कराधान विभाग सहित कई सरकारी संस्थाओं को पूर्व में भी शिकायतें भेजी गई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण मामलों को आगे नहीं बढ़ाया गया।

### आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि दोनों अधिकारियों ने अपनी ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की है। जांच एजेंसियों से उनके बैंक खातों, चल एवं अचल संपत्तियों, कथित बेनामी निवेशों तथा वित्तीय लेन-देन की जांच कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का दावा है कि विभागीय स्तर पर पूर्व में भी कई औद्योगिक इकाइयों ने भ्रष्टाचार एवं कथित अवैध स्वीकृतियों को लेकर शिकायतें दर्ज करवाई थीं।

### वर्तमान नियुक्तियां भी चर्चा में

शिकायत के अनुसार संबंधित अधिकारियों में से एक वर्तमान में जिला उद्योग केंद्र संगरूर, बरनाला और मालेरकोटला में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत है, जबकि दूसरा अधिकारी मोहाली और मंडी गोबिंदगढ़ क्षेत्र से जुड़े औद्योगिक प्रशासनिक कार्यों में तैनात बताया गया है।

### औद्योगिक नीति पर भी उठे सवाल

शिकायत में कहा गया है कि पंजाब औद्योगिक नीति 2017 और 2022 का उद्देश्य वास्तविक औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन प्रदान करना था। यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह नीति की मूल भावना के विपरीत होगा। शिकायतकर्ता ने विवादित प्रोत्साहन मामलों, औद्योगिक विकास कोष (आईडीएफ) सहायता, बिजली शुल्क छूट तथा अन्य सरकारी राहत योजनाओं की स्वतंत्र लेखा-परीक्षा कराने की मांग की है।

### चर्चा में आए नाम

**अधिकारी**

- राकेश कंसल – तत्कालीन महाप्रबंधक, डीआईसी लुधियाना
- मनिंदर सिंह – तत्कालीन कार्यात्मक प्रबंधक, डीआईसी लुधियाना

**कंपनी**

- जे.एन. टायल स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड
- सार्वजनिक अभिलेखों में दर्ज निदेशक
- मोहन लाल टायल • गीता टायल
- जतिन टायल • नितिन टायल

### निष्क्रिय और बंद औद्योगिक इकाई को लाभ देने का आरोप

शिकायत में सबसे गंभीर आरोप जे.एन. टायल स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है। शिकायतकर्ता का दावा है कि संबंधित कंपनी बैंकिंग व्यवस्था में अप्रदर्शनकारी परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित होने तथा इकाई के बंद होने के बावजूद उसे सरकारी प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। आरोप है कि लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये की सरकारी धनराशि प्रोत्साहन के रूप में जारी की गई, जबकि कंपनी की वास्तविक स्थिति विभाग के संज्ञान में थी।

### प्रमुख आरोप

- जिला उद्योग केंद्र लुधियाना के दो अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप।
- औद्योगिक प्रोत्साहन स्वीकृतियों में कथित अनियमितता।
- बंद एवं एनपीए घोषित इकाई को लाभ पहुंचाने का आरोप।
- लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये की सरकारी धनराशि जारी होने पर सवाल।
- कथित रूप से घूस लेकर फाइलों को स्वीकृति देने के आरोप।
- आय से अधिक संपत्ति और बेनामी लेन-देन की जांच की मांग।
- विभिन्न विभागों को शिकायतें भेजे जाने का दावा।

### जांच के बाद ही सामने आएगी सच्चाई

**फिलहाल शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संबंधित अधिकारियों, कंपनी प्रबंधन अथवा विभाग की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है। आरोपों की सत्यता किसी सक्षम जांच एजेंसी की जांच तथा आधिकारिक निष्कर्ष के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।**

# राजा वड़िंग के नेतृत्व में 2027 चुनावों के लिए कांग्रेस पूरी तरह सक्रिय - विपन अरोड़ा



लुधियाना/यूटर्न/4 जून। लुधियाना के हल्का सेंट्रल में सांसद एवं पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के ब्लॉक कांग्रेस प्रधान विपन अरोड़ा के निवास स्थान पहुंचने पर पूर्व विधायक सुरिंदर डावर, पार्षद शाम सुंदर मल्होत्रा तथा पार्षद इकबाल सिंह सोनू डीको की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरिंदर डावर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज बनकर खड़ी रही है और आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ लोगों के मुद्दे उठाएगी। ब्लॉक प्रधान विपन अरोड़ा ने कहा कि राजा वडिंग के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर कार्यकताओं को संगठित और सक्रिय करने का अभियान शुरू कर दिया गया है।

# कबूतरों को दाना डालने गया युवक रिश्तेदारों के हमले में घायल, तीन पर केस

डेराबस्सी/यूटर्न/04 जून। बरवाला रोड स्थित आजाद नगर में पारिवारिक विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। एक युवक पर उसके ही रिश्तेदारों द्वारा कथित तौर पर गली में घेरकर हमला करने और लोहे की वस्तु से गंभीर चोट पहुंचाने का मामला सामने आया है। घायल युवक के बयान पर पुलिस ने एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में आजाद नगर निवासी मोहम्मद अहसान पुत्र असलू देव ने बताया कि वह निजी काम करता है। 15 फरवरी को वह वार्ड नंबर-18 स्थित अपने दूसरे घर में रखे कबूतरों को दाना डालने गया था। जब वह दाना डालकर वापस गली में आया तो वहां पहले से मौजूद उसके चाचा का बेटा गुफर अली, उसकी पत्नी प्रवीण और सलामती ने उसे रोक लिया। अहसान का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले के दौरान जब वह जमीन पर गिर गया तो गुफर अली ने हाथ में पकड़ी लोहे की वस्तु से उस पर वार कर दिया।

# बिट्टू गुंबर गौसेवा के लिए पूरी तरह समर्पित हैं - दर्शन लाल बवेजा



लुधियाना/यूटर्न/4 जून। गौसेवा मिशन लुधियाना का अध्यक्ष नियुक्त होने पर प्रमुख समाजसेवी एवं गौभक्त बिट्टू गुंबर को श्री गोविंद गौधाम ट्रस्ट वृंदावन के सदस्यों एवं परम गौसेवकों दर्शन लाल बवेजा, विजय बवेजा, संजीव सूद बांका, हनी वर्मा, कमल शर्मा और सतीश जिंदल द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दर्शन लाल बवेजा ने बिट्टू गुंबर को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति गौसेवा के क्षेत्र में उनके समर्पण और निस्वार्थ सेवा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि बिट्टू गुंबर लंबे समय से विभिन्न गौशालाओं से जुड़कर गौमाता की सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और हमेशा जरूरतमंद गौशालाओं की सहायता के लिए आगे रहते हैं। इस मौके पर बिट्टू गुंबर ने सभी सनातनियों और गौभक्तों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ गौसेवा मिशन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

Uturn Time 05 June 2026_Layout 2 04-06-2026 23:08 Page 4



# ट्रायसिटी में गैंगवार की दहशतः छह महीने में चार बड़े गोलीकांड, सरेआम गोलियां और गैंगस्टर कनेक्शन ने बढ़ाई चिंता

## पंचकूला में रतन लुबाना पर ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद फिर चर्चा में आया गैंगस्टर नेटवर्क, पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था बड़ी चुनौती

अजीत झा

पंचकुला/यूटर्न/04 जून। चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला की पहचान लंबे समय तक शांत और सुरक्षित शहरों के रूप में रही है, लेकिन पिछले छह महीनों के दौरान लगातार सामने आई फायरिंग और हत्या की घटनाओं ने इस छवि को गहरी चोट पहुंचाई है। दिसंबर 2025 से जून 2026 तक ट्रायसिटी में चार बड़े गोलीकांड सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं में कहीं गैंगस्टर प्रतिद्वंद्विता का एंगल सामने आया तो कहीं पुराने विवादों की आड़ में अपराधियों ने सरेआम गोलियां बरसाई। लगातार हो रही वारदातों ने न केवल लोगों में डर का माहौल पैदा किया है, बल्कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के सामने भी गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है।

ताजा मामला बुधवार देर रात पंचकूला के पॉश सेक्टर-5 का है, जहां क्लब संचालक रतन लुबाना पर दो बाइक सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना स्विस लाउंज के बाहर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने करीब 9 से 11 राउंड फायर किए। फायरिंग में रतन लुबाना को दो गोलियां लगीं। एक गोली पेट में लगी जबकि दूसरी कंधे को चीरते हुए निकल गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद रतन लुबाना खुद वाहन चलाकर सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई रेफर किया गया, लेकिन परिजन उन्हें मोहाली के एक निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### छह महीने में ट्रायसिटी को दहलाने वाली चार बड़ी घटनाएं

सेक्टर-26 में इंदरजीत सिंह पेरी की हत्या...दिसंबर 2025 में चंडीगढ़ के सेक्टर-26 में इंदरजीत सिंह उर्फ पेरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पेरी का नाम कथित तौर पर गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़ता रहा था। हमलावरों ने बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। यह घटना ट्रायसिटी में गैंगवार की नई श्रृंखला की शुरूआत मानी गई। हत्या के बाद विभिन्न गैंगों के बीच टकराव की चर्चाएं तेज हो गई थीं।



रतन लुबाना जिसके गोली लगी हैं बुड़ेगा क्लब संचालक





आरोपी



### कुछ घंटों में पुलिस एक्शन, मुठभेड़ के बाद दो आरोपी गिरफ्तार

फायरिंग की घटना के बाद पंचकूला पुलिस और क्राइम ब्रांच ने पूरे इलाके में नाकाबंदी कर दी। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के कुछ घंटों बाद आरोपियों का सुराग मिला और पीछा करने के दौरान पुलिस तथा आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अरुपीयों की पहचान  हरप्रीत और जसविंदर के रूप में हुई हैं` पुलिस ने आरोपियों को अस्पताल में भर्ती करवाया और उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे आपराधिक और गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े कुछ पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।




### फायरिंग घटना के कुछ घंटो बाद रोहित गोदारा के नाम से आई कथित व्हाट्सएप्प कॉल

रतन लुबाना पर हमले के कुछ समय बाद सोशल मीडिया और विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में एक कथित कॉल और ऑडियो संदेश तेजी से वायरल होने लगा। यह दावा किया गया कि कॉल गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से की गई थी। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वायरल कॉल और ऑडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। साइबर टीम इसके स्रोत और तकनीकी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने तक किसी भी दावे की पुष्टि नहीं की जा सकती। फिर भी इस कथित कॉल ने घटना को नया मोड़ दे दिया है और मामले में गैंगस्टर कनेक्शन की चचाएँ तेज हो गई हैं।



### ट्रायसिटी में छह महीने की बड़ी वारदातें

| तारीख | घटना |
|---|---|
| 01. दिसंबर 2025 | सेक्टर-26 में इंदरजीत सिंह पेरी की हत्या |
| 15 दिसंबर 2025 | मोहाली सेक्टर-79 में राणा बलाचौरिया की हत्या |
| अप्रैल 2026 | सेक्टर-9 चंडीगढ़ में चीनी कुबाहेड़ी की हत्या |
| 3 जून 2026 | पंचकूला सेक्टर-5 में रतन लुबाना पर फायरिंग |

### मोहाली कबड्डी टूनार्मेंट में राणा बलाचौरिया की हत्या

15 दिसंबर 2025 को मोहाली के सेक्टर-79 में आयोजित कबड्डी टूनार्मेंट के दौरान राणा बलाचौरिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सैकड़ों दर्शकों और खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुई इस वारदात ने पूरे पंजाब और ट्रायसिटी को झकझोर दिया था। हमलावरों ने भीड़ के बीच पहुंचकर गोलियां चलाईं और फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को गैंगस्टर एंगल और आपसी रंजिश से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिले थे।

### सेक्टर-9 में चीनी कुबाहेड़ी की हत्या

इसके बाद चंडीगढ़ के पॉश सेक्टर-9 में चरनप्रीत सिंह उर्फ चीनी कुबाहेड़ी की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई ।हमलावरों ने बेहद पेशेवर तरीके से वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। यह घटना इसलिए भी चर्चा में रही क्योंकि सेक्टर-9 शहर के सबसे सुरक्षित और वीआईपी क्षेत्रों में गिना जाता है ।पुलिस जांच में इस हत्या को भी गैंगस्टर प्रतिद्वंद्विता से जोड़कर देखा गया।

### *पंचकूला में रतन लुबाना पर जानलेवा हमला*

*अब जून 2026 में पंचकूला के सेक्टर-5 में क्लब संचालक रतन लुबाना पर हुए हमले ने ट्रायसिटी में गैंगवार की आशंकाओं को और मजबूत कर दिया है।*

*पुलिस भले ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन घटना के बाद सामने आए कथित ऑडियो और व्हाट्सएप कॉल ने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं।*



### गैंगस्टर नेटवर्क का बढ़ता प्रभाव

पिछले कुछ वर्षों में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में सक्रिय गैंगस्टर गिरोहों का प्रभाव लगातार बढ़ा है। जांच एजेंसियों के अनुसार कई गैंग अब सीमाओं से परे जाकर अपना नेटवर्क चला रहे हैं। इन गिरोहों के सदस्य विदेशों में बैठकर सोशल मीडिया, इंटरनेट कॉलिंग और स्थानीय गुर्गों के जरिए वारदातों को अंजाम दिलाने का प्रयास करते हैं। कई मामलों में रंगदारी, पुरानी दुश्मनी, वर्चस्व की लड़ाई और गैंग प्रतिद्वंद्विता प्रमुख कारण बनकर सामने आए हैं। ट्रायसिटी में हुई हालिया घटनाओं में भी विभिन्न गैंगों के नाम चर्चा में रहे हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है।

### पंचकुला पुलिस के सामने बड़ी चुनौती

पुलिस का दावा है कि अधिकांश मामलों में आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई है और कई घटनाओं का खुलासा भी हुआ है। इसके बावजूद लगातार सामने आ रही वारदातें यह संकेत दे रही हैं कि गैंगस्टर नेटवर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। गैंगों के आर्थिक नेटवर्क, सोशल मीडिया संचालन, विदेशी संपर्कों और स्थानीय मॉड्यूल पर एक साथ कार्रवाई किए बिना इस चुनौती से पूरी तरह निपटना मुश्किल होगा।




### लोगों में बढ़ा भय, सार्वजनिक स्थान भी नहीं रहे सुरक्षित

विशेष चिंता की बात यह है कि अधिकांश घटनाएं सार्वजनिक स्थानों पर हुई हैं। कहीं क्लब के बाहर फायरिंग हुई, कहीं खेल प्रतियोगिता के दौरान हत्या कर दी गई, तो कहीं पॉश सेक्टर में सरेआम गोलियां चलीं।

इन घटनाओं ने आम नागरिकों के मन में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। व्यापारी वर्ग, क्लब संचालक, होटल व्यवसायी और सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने वाले लोग भी सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शुक्रवार, 05 जून 2026



पेज 12 चंडीगढ़ में नक्शा प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने...

# पंजाब चुनावों से पहले हरियाणा सीएम की बादल के चचेरे भाई से मुलाकात, सियासी हलचल तेज

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता मेजर भूपिंदर सिंह के बीच हाल ही में हुई एक मुलाकात ने पंजाब में नई सियासी अटकलों को जन्म दे दिया है, खासकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के संदर्भ में।

मेजर भूप के नाम से मशहूर, वह बादल परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्यों में से एक हैं और शिअद-बीजेपी सरकार के दौरान पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के राजनीतिक सचिव के तौर पर काम कर चुके हैं। सैनी मंगलवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 16 स्थित मेजर भूप के आवास पर गए और बताया जा रहा है कि उन्होंने वहां करीब दो घंटे बिताए। इस मुलाकात की पुष्टि करते हुए मेजर भूपिंदर सिंह ने कहा, हाल ही में मेरी रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई थी, और हरियाणा के मुख्यमंत्री मेरा हालचाल जानने आए थे।



## इस दौरे को शिष्टाचार भेंट बताया

हालांकि इस दौरे को एक शिष्टाचार भेंट बताया गया, लेकिन सियासी गलियारों में इस घटनाक्रम को काफी अहम माना जा रहा है, खासकर बीजेपी और अकाली दल के बीच बदलते समीकरणों और 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के नजदीक आने को देखते हुए। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब बीजेपी नेताओं ने बार-बार यह दावा किया है कि पार्टी पूरे पंजाब में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर रही है और भविष्य के चुनाव अपने दम पर लड़ने की तैयारी कर रही है। 2020 में कृषि कानूनों के मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल के साथ दशकों पुराने गठबंधन के टूटने के बाद से, बीजेपी राज्य में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पैठ बनाने की दिशा में काम कर रही है।

## पहुंच बढ़ाने का प्रयास

पिछले कुछ सालों में, पार्टी ने किसानों, शहरी मतदाताओं, अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और सिख समुदायों के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने के प्रयासों को तेज किया है। अपने जनाधार को व्यापक बनाने की कोशिश में, पार्टी ने कांग्रेस, अकाली दल और आम आदमी पार्टी सहित कई विरोधी दलों के नेताओं को भी अपने साथ जोड़ा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बीजेपी 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों को राज्य में एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरने के एक अहम अवसर के तौर पर देख रही है।

# फन रिपब्लिक पार्किंग से हटाए गए अवैध वाहन, नगर निगम ने 63 चालान काटे

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर में अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज करते हुए गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए व्यापक कार्रवाई की गई।

नगर निगम की प्रवर्तन शाखा ने मनीमाजरा स्थित सेक्टर-13 के फन रिपब्लिक पार्किंग क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से खड़े छह वाहनों को जब्त किया गया तथा पूरे पार्किंग क्षेत्र को खाली कराया गया, ताकि आम लोगों को पार्किंग सुविधा का बेहतर लाभ मिल सके और आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो।

इसके अलावा निगम की अलग-अलग टीमों ने सेक्टर-40, 22, 46 और 45 के साथ-साथ इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 एवं फेज-2 में अतिक्रमण विरोधी और अवैध वेंडिंग विरोधी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कर कारोबार कर रहे रेहड़ी-फड़ी संचालकों को हटाया गया तथा सड़कों और फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को साफ कराया गया।





नगर निगम अधिकारियों के अनुसार दिनभर चले अभियान के दौरान विभिन्न नगर निगम नियमों के उल्लंघन पर कुल 63 चालान जारी किए गए। निगम ने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, सार्वजनिक सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और नागरिकों को बेहतर शहरी वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# शहरी शासन को नई दिशा देने की ऐतिहासिक पहल



चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की 117वीं कार्यकारिणी बैठक में एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय लिया गया। बैठक में 'राष्ट्रीय शहरी संसद' की स्थापना हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को देशभर के सभी माननीय महापौरों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया गया। यह निर्णय भारत में शहरी शासन और स्थानीय स्वशासन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। इस पहल के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने, उनके अधिकारों को सुदृढ़ करने तथा शहरी प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी और जवाबदेह बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले मेयर सौरभ जोशी ने सभी माननीय महापौरों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय देश के शहरी विकास मॉडल को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करेगा तथा भविष्य में नगर निकायों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# रिहायशी इलाके में शराब ठेका खुलने पर भड़के लोग, प्रदर्शन की चेतावनी



लालडू/यूटर्न/04 जून। लालडू-धर्मगढ़ संपर्क मार्ग पर वार्ड नंबर-9 के रिहायशी क्षेत्र में शराब का ठेका खोले जाने के विरोध में स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाओं और क्षेत्रवासियों ने ठेके को तत्काल हटाने की मांग करते हुए प्रशासन और पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। लोगों ने इस संबंध में थाना लालडू को ज्ञापन भी सौंपा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिस स्थान पर ठेका खोला गया है, वहां से रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना रहता है। इसी मार्ग पर कई स्कूल और कोचिंग सेंटर भी स्थित हैं, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ने आती हैं।

लोगों का आरोप है कि कुछ शिक्षण संस्थान ठेके से बेहद कम दूरी पर स्थित हैं, जिससे विद्यार्थियों पर गलत प्रभाव पड़ सकता है। गुरजंट सिंह, सुखविंदर सिंह, दलबीर सिंह, मोहिंदर कुमार और अन्य निवासियों ने कहा कि शाम के समय ठेके पर लोगों की भीड़ जुटने से महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। उनका कहना है कि एक ओर सरकार नशे के खिलाफ अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर आबादी वाले क्षेत्रों में शराब के ठेके खोले जा रहे हैं, जो विरोधाभासी स्थिति पैदा करता है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ठेका नहीं हटाया गया तो वे किसान संगठनों के सहयोग से धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# स्वदेशी अपनाने का संदेश घर-घर पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी: विनय जी



लुधियाना/यूटर्न/04 जून। स्वदेशी जागरण मंच पंजाब, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के संगठन मंत्री विनय जी ने समाजसेवी गौरव अरोड़ा के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके साथ एक विशेष बैठक की। इस दौरान गौरव अरोड़ा एवं उनके परिवार ने विनय जी का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में देश में स्वदेशी आंदोलन को मजबूत बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील पर विस्तार से चर्चा की गई। विनय जी ने कहा कि भारत को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को विदेशी उत्पादों की बजाय स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। इससे न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विनय जी ने वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ईरान-अमेरिका तनाव के कारण ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ रही है। ऐसे में भारत को स्वदेशी ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने और पेट्रोल, डीजल तथा गैस पर निर्भरता कम करने की दिशा में गंभीर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से 'स्वदेशी अपनाओ - देश बचाओ' के संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की।

Uturn Time 05 June 2026_Layout 2 04-06-2026 23:08 Page 6



# ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय निकला हेरोइन सप्लायर, २२.२८ ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। चंडीगढ़ पुलिस की जिला अपराध शाखा (डीसीसी) ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय युवक को 22.28 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सेक्टर-45 निवासी लकी के रूप में हुई है, जो ब्लिंकिट में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता था। पुलिस के अनुसार, महिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ह/रढ) सुमेर प्रताप सिंह के निर्देश और डीएसपी डीसीसी पी. अभिनंदन के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर चिरंजी लाल की निगरानी में जिला अपराध शाखा की टीम ने यह सफलता हासिल की।

जानकारी के मुताबिक, 3 जून 2026 को एएसआई सुधीर के नेतृत्व में पुलिस टीम थाना सेक्टर-34 क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं गश्त पर थी। इसी दौरान सेक्टर-45 सी/डी की स्लिप रोड के पास संदेह के आधार पर एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 22.28 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लकी पुत्र ननहेल लाल, निवासी मकान नंबर 250,



गली नंबर-3, सेक्टर-45सी, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र 19 वर्ष बताई गई है। इस संबंध में थाना सेक्टर-34 में एफआईआर नंबर 79, दिनांक 03.06.2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 में मामला दर्ज किया गया है।

### आसान कमाई के लालच में बना नशा तस्कर

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ब्लिंकिट में डिलीवरी बॉय का काम करता था। पुलिस के मुताबिक, जल्दी और अधिक पैसा कमाने के लालच में वह कम कीमत पर हेरोइन खरीदकर चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचता था।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### सोशल मीडिया पर आलोचना से घबराकर जीवन समाप्त करने की कोशिश: एक गंभीर सोच

आज के दौर में सोशल मीडिया लोगों के विचार व्यक्त करने का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। यहाँ हर व्यक्ति को अपनी बात रखने की स्वतंत्रता है। लेकिन यह समझना भी आवश्यक है कि जब हम अपने विचार सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करते हैं, तो केवल प्रशंसा ही नहीं, बल्कि आलोचना भी प्राप्त हो सकती है। कई बार कुछ लोग सोशल मीडिया पर मिलने वाली नकारात्मक टिप्पणियों या कटु शब्दों से इतने प्रभावित हो जाते हैं कि वे निराशा में आकर अपने जीवन को समाप्त करने जैसे कदम उठाने की कोशिश करते हैं। यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक स्थिति है। हमें समझना होगा कि सोशल मीडिया की टिप्पणियाँ हमारे पूरे व्यक्तित्व या जीवन का मूल्यांकन नहीं करतीं। वहाँ मौजूद हर व्यक्ति हमारे विचारों से सहमत हो, यह आवश्यक नहीं है। आलोचना जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है। यदि हम अपने विचार रखने का साहस रखते हैं, तो हमें विरोधी विचारों और आलोचनाओं को सुनने का धैर्य भी रखना चाहिए। सकारात्मक आलोचना हमें बेहतर बनने का अवसर देती है, जबकि अनुचित टिप्पणियों को नजरअंदाज करना सीखना चाहिए। जीवन अनमोल है। कुछ शब्दों या टिप्पणियों के कारण उसे समाप्त करने का विचार कभी समाधान नहीं हो सकता। हमें मानसिक रूप से मजबूत बनकर आलोचना का सामना करना सीखना चाहिए और अपने आत्मविश्वास को बनाए रखना चाहिए।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Court पति-पत्नी को साथ रहने का आदेश दे सकती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक विवादों में कई बार एक पक्ष चाहता है कि दूसरा वापस साथ रहे। ऐसी स्थिति में कानून में "Restitution of Conjugal Rights (RCR)" का प्रावधान मौजूद है। यदि पति या पत्नी बिना उचित कारण के दूसरे को छोड़कर अलग रहने लगते हैं, तो प्रभावित पक्ष अदालत में फ्छफ्की याचिका दाखिल कर सकता है।

अदालत यह देखती है कि क्या वास्तव में बिना उचित कारण के साथ रहना छोड़ा गया है। यदि अदालत संतुष्ट होती है, तो वह पति-पत्नी को वैवाहिक संबंध पुनः स्थापित करने का आदेश दे सकती है।

हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि अदालत किसी को जबरदस्ती physically साथ रहने के लिए मजबूर कर सकती है। कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा (dignity) को भी महत्व देता है। यदि cruelty, violence, harassment या अन्य गंभीर परिस्थितियां हों, तो अदालत सामान्यतः किसी पक्ष को जबरन साथ रहने के लिए नहीं कहती।

RCR order का एक practical प्रभाव यह भी है कि यदि आदेश के बावजूद लंबे समय तक साथ नहीं रहा जाता, तो यह आगे चलकर Divorce का आधार बन सकता है। कई लोग यह मान लेते हैं कि Court police की मदद से पति-पत्नी को जबरदस्ती एक घर में भेज देगी, जबकि वास्तविक कानूनी स्थिति अलग है।

निष्कर्ष: Court वैवाहिक संबंध बहाल करने का आदेश दे सकती है, लेकिन किसी को जबरदस्ती साथ रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। वैवाहिक कानून में अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता—दोनों का संतुलन महत्वपूर्ण है।

# हाईवे के खतरनाक यू-टर्न ने फिर ली परीक्षा, बस-टेंपो ट्रैवलर टक्कर में कई घायल

### भुषण फैक्टरी कट पर फिर उठा सुरक्षा का सवाल, स्थानीय लोगों ने मांगे स्थायी समाधान

डेराबस्सी/यूटर्न/04 जून। अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भुषण फैक्टरी कट एक बार फिर गंभीर सड़क हादसे का गवाह बना। गुरुवार सुबह यहां हरियाणा रोडवेज की तेज रफ्तार बस और श्रद्धालुओं से भरे एक टेंपो ट्रैवलर के बीच हुई जोरदार टक्कर में कई यात्री घायल हो गए। घायलों में तीन महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे उस समय हुआ जब धार्मिक यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का टेंपो ट्रैवलर भुषण फैक्टरी कट के पास यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान अंबाला की ओर से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने ट्रैवलर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाईवे पर बने इस कट पर वाहनों की तेज रफ्तार और यू-टर्न लेने वाले वाहनों के बीच अक्सर टकराव की स्थिति बनती रहती है। इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। हादसे की सूचना मिलते ही डेराबस्सी ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस कर्मियों और राहगीरों ने मिलकर क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भुषण फैक्टरी कट पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# सीआईसीयू के 11वें विशाल रोजगार मेले में 3,550 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र



लुधियाना/यूटर्न/04 जून। पंजाब में रोजगार के अवसर बढ़ाने और औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (सीआईसीयू) द्वारा फोकल प्वाइंट स्थित सीआईसीयू परिसर में 11वें विशाल रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में 6,500 से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जबकि 60 से अधिक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया। रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग, पंजाब रोजगार ब्यूरो, तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के सहयोग तथा सन फाउंडेशन के समर्थन से आयोजित इस मेले में 6,000 से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराए गए। इनमें से 3,550 युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। पंजाब के आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योगों को प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन भी उपलब्ध कराते हैं।

# नगर निगम संघर्ष मोर्चा की विशेष बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर हुई चर्चा, कमिश्नर नीरू कतियाल ने दिया समाधान का भरोसा

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/04 जून। नगर निगम संघर्ष मोर्चा की ओर से नगर निगम के दर्जा चार कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर निगम कमिश्नर नीरू कतियाल ने कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की और उनकी मांगों को गंभीरता से सुना।

बैठक के दौरान संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों रवि वाली , नरेश तिगान ने ओवर एज कर्मचारियों को नियमित करने, सफाई कर्मचारियों, सीवरमैन, माली, बेलदार, ड्राइवर, आउटसोर्स तथा डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों को पक्का करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया।

कमिश्नर नीरू कतियाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर निगम कर्मचारियों की जायज मांगों और समस्याओं को पंजाब के मुख्यमंत्री Bhagwant Mann तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से पैरवी की जाएगी तथा 24 जून 2026 से पहले कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।




बैठक के दौरान कमिश्नर ने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि कुछ लोगों द्वारा यह प्रचार किया जा रहा है कि कर्मचारियों की सभी मांगें मान ली गई हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि अभी मांगों पर विचार-विमर्श और प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भ्रामक और झूठी अफवाहों पर विश्वास न किया जाए तथा किसी भी आधिकारिक जानकारी के लिए संघर्ष मोर्चा और प्रशासन द्वारा जारी अधिकृत बयान पर ही भरोसा किया जाए।


नगर निगम संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कमिश्नर का धन्यवाद करते हुए कहा कि कर्मचारियों को उम्मीद है कि सरकार और प्रशासन उनकी लंबे समय से लंबित मांगों का जल्द समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि संघर्ष मोर्चा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा और मांगों के समाधान तक अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा।

**बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे:** नरेश ढींगरा, रवि बाली, संजीव गिल खंडू, दीपक हंस, विपन कल्याण, विक्की साहोता, अजयपाल दिसावर, आनंद राक्षस, सोनू अटवाल, नेता जी सोंधी, आकाश लोहाट, अशोक सिरसवाल, रवि मातंग, सुशील रत्ती लल्ला, पप्पा बत्रा, विनोद एकलव्य, लक्की नाहर, राजबीर चौटाला, वरुण राज, सुमित चौटाला, पिंका चंडालिया, सुभाष सौदा, विक्की राहेला एवं रवि अटवाल।

# क्या सफलता ही पर्याप्त है? यू एंड योर लाइफ देती है एक नया दृष्टिकोण

लुधियाना/यूटर्न/4 जून। आज की तेज रफ्तार दुनिया में सफलता, उपलब्धियाँ और लक्ष्य अक्सर जीवन का केंद्र बन जाते हैं। ऐसे समय में यू एंड योर लाइफ लिविंग विद क्लैरिटी, ग्रोइंग विद पर्पज पाठकों को एक महत्वपूर्ण सवाल पर सोचने के लिए प्रेरित करती है, क्या सफलता ही पर्याप्त है या जीवन में संतुष्टि, उद्देश्य और आंतरिक संतुलन भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं? यह पुस्तक आत्म-विकास, खुशियाँ, रिश्ते, आत्म-जागरूकता और सार्थक जीवन जैसे विषयों पर केंद्रित है। सरल भाषा और जीवन से जुड़े अनुभवों के माध्यम से यह पाठकों को रुककर स्वयं पर विचार करने, अपने जीवन को बेहतर समझने और अधिक जागरूकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। लेखक विमल सैनी कहते हैं, सफलता हमें उपलब्धियाँ दे सकती है, लेकिन संतुष्टि और उद्देश्य जीवन को वास्तविक अर्थ देते हैं। पाठकों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ इस बात का संकेत हैं कि यू एंड योर लाइफ विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के साथ जुड़ने में सफल रही है। यह पुस्तक विश्वभर के पाठकों के लिए अमेजॉन और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है।






# जीरकपुर में संदिग्ध मांस से भरा ट्रक पकड़े जाने का दावा, हिंदू संगठनों का हंगामा

## नमूने जांच के लिए भेजे गए, रिपोर्ट आने के बाद होगी कानूनी कार्रवाई





जीरकपुर/यूटर्न/04 जून। जीरकपुर के नगला क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब गो रक्षा दल के कार्यकताओं ने एक ट्रक को रोककर उसमें गोमांस होने का दावा किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले को लेकर विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

गो रक्षा दल के पदाधिकारियों के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि एक ट्रक में संदिग्ध मांस भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर कार्यकताओं ने नगला क्षेत्र में निगरानी रखी और संबंधित ट्रक को रोक लिया। संगठन के सदस्यों का दावा है कि जांच के दौरान ट्रक में बड़ी मात्रा में मांस बरामद हुआ, जिसे उन्होंने गोमांस बताया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ट्रक को पुलिस के हवाले करने के बाद थाने के बाहर प्रदर्शन करते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि जांच में बरामद मांस गोमांस साबित होता है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। जानकारी के अनुसार पकड़ा गया ट्रक जालंधर से जीरकपुर पहुंचा था। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर उसके दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही बरामद मांस के नमूने फोरेंसिक और पशुपालन विभाग की जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मांस किस पशु का है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। ट्रक के मालिक, चालक तथा मांस की सप्लाई से जुड़े लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा और उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर गो रक्षा दल और अन्य हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# युवकों ने दुकानदार पर गुगल पे से पेमेंट लेकर कैश देने का डाला दबाव, न मानने पर की मारपीट



लुधियाना/यूटर्न/4 जून। इस्लामिया स्कूल के पास एक्टिवा सवार दो युवकों द्वारा कैश पैसे न देने पर एक दुकानदार पर हमला कर दिया। उन्होंने दुकानदार से पहले बहस की। जिसके बाद तेजधार हथियारों के साथ दुकानदार पर हमला कर दिया। यहां तक कि ईट-पत्थर भी बरसाए। जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। थाना डिवीजन नंबर तीन पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुकान के वर्कर विजय ने बताया कि स्प्लेंडर बाइक पर 2 युवक उसकी दुकान पर आए। आते ही एक युवक ने मालिक बंटी से 500 रुपए गूगल पे करने को कहा और बदले में कैश देने की बात कही। बंटी ने यह कहते हुए साफ मना कर दिया कि उसके पास फिलहाल कैश उपलब्ध नहीं है। इसी बात पर युवक भड़क गए और विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि एक हमलावर ने तैश में आकर दातर निकाल लिया, जबकि दूसरे ने दुकान पर ईंटें बरसानी शुरू कर दीं। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। पुलिस फुटेज से हमलावरों की तलाश कर रही है।

# डिजिटल डेटा सुरक्षा कानून पर चंडीगढ़ प्रशासन की कार्यशाला, 200 वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जानकारी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और डिजिटल शासन को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में चंडीगढ़ प्रशासन ने मंगलवार को डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम-2023 पर एक जागरूकता एवं कार्यान्वयन कार्यशाला का आयोजन किया। सेक्टर-10 स्थित माउंटव्यू होटल में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशासन के विभिन्न विभागों के करीब 200 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन चंडीगढ़ प्रशासन के



सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (टी३ ), नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन (ठीत्र्क्ष) और सी-डैक मोहाली के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूचना प्रौद्योगिकी निदेशक, चंडीगढ़ प्रशासन ने की। इस अवसर पर नगर निगम चंडीगढ़ के संयुक्त आयुक्त, नेजीडी और सी-डैक मोहाली के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों को डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम-2023 के प्रावधानों से अवगत कराना और विभिन्न विभागों में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संस्थागत तैयारियों को मजबूत बनाना था। नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन के विशेषज्ञों ने अधिनियम के कानूनी ढांचे, प्रमुख परिभाषाओं और सरकारी विभागों में इसकी व्यावहारिक उपयोगिता पर विस्तृत तकनीकी सत्र लिए। अधिकारियों को डेटा फिड्युशियरी की जिम्मेदारियों, डेटा प्रिंसिपल के अधिकारों, व्यक्तिगत डेटा के वैध उपयोग, सहमति प्रबंधन, डेटा सुरक्षा उपायों और डेटा उल्लंघन की स्थिति में सूचना देने संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

# चार विधानसभा समितियों में अहम जिम्मेदारी मिलने पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को बधाइयों का तांता

## जनता के मुद्दों को और मजबूती से उठाऊंगा : रंधावा

लालड़ू/यूटर्न/04 जून। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को पंजाब विधानसभा की चार महत्वपूर्ण समितियों में सदस्य नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। रंधावा को विशेषाधिकार समिति, स्थानीय सरकार विभाग समिति, घग्गर एवं बुड्ढा दरिया समिति तथा पंचायती राज समिति का सदस्य बनाया गया है। इसे डेराबस्सी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद लालड़ू के नवनिर्वाचित पार्षदों, वार्ड इंचार्जों, सरपंचों और हंडेसरा सर्कल के सरपंचों ने विधायक रंधावा से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। नेताओं ने कहा कि विधानसभा की अहम समितियों में प्रतिनिधित्व मिलने से क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को सरकार और विधानसभा के समक्ष अधिक प्रभावशाली ढंग



से रखा जा सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे डेराबस्सी क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने शुभकामनाएं देने वाले सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनता के प्रति बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व, पंजाब सरकार और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। रंधावा ने कहा कि वे समितियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनता से जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी हलके के गांवों और शहरों का समग्र विकास, लोगों की समस्याओं का समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनकी राजनीति का मूल उद्देश्य है और वे क्षेत्र की तरक्की तथा खुशहाली के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर मौजूद नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि विधायक रंधावा को मिली यह जिम्मेदारी डेराबस्सी क्षेत्र की आवाज को विधानसभा में और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

# प्रशासक ने वर्ष 2026-27 की वृक्षारोपण तैयारियों की समीक्षा की

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज वर्ष 2026-27 की वृक्षारोपण योजना की तैयारियों की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (राज्यपाल, पंजाब), गृह सचिव-सह-सचिव (वन एवं वन्यजीव), मुख्य वन संरक्षक, नगर निगम आयुक्त, वन संरक्षक, मुख्य अभियंता (इंजीनियरिंग विभाग)



तथा मुख्य अभियंता (नगर निगम) उपस्थित थे। मुख्य वन संरक्षक ने वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए वृक्षारोपण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीनिंग चंडीगढ़ एक्शन प्लान 2025-26 के अंतर्गत निर्धारित 5,76,221 पौधों के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 6,64,133 पौधे लगाए गए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए पौधों का नियमित रखरखाव किया जा रहा है। वृक्षारोपण कार्यों की तृतीय पक्ष निगरानी नवंबर 2025 तथा मार्च 2026 में दो बार कराई गई, जिसके अनुसार पौधों की जीवित रहने की दर लगभग 79 प्रतिशत दर्ज की गई है। बैठक में प्रशासक को वर्ष 2026-27 की व्यापक वृक्षारोपण योजना की तैयारियों से अवगत कराया गया, जिसे सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों के परामर्श से तैयार किया जा रहा है।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कई पुराने मामलों में भी रहा है शामिल

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों और वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए मलोया कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार यूटी एसएसपी के निर्देशों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-39 थाना पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार कर रहे थे। मामले की शिकायत सेक्टर-41ए निवासी अजय कुमार ने दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल नंबर सीएच-01-बीई-7690 को 26 मई 2026 की तड़के किसी अज्ञात व्यक्ति ने सेक्टर-41ए से चोरी कर लिया था। घटना सुबह करीब 3 बजे से 3:21 बजे के बीच हुई थी। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-39 में ई-एफआईआर नंबर 712, दिनांक 2 जून 2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी विजय कुमार पुत्र सतबीर, निवासी मकान नंबर 3394, मलोया कॉलोनी, चंडीगढ़ को 3 जून को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली।

**पहले भी कई मामलों में नामजद रहा है आरोपी...** पुलिस जांच में सामने आया कि विजय कुमार का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उसके खिलाफ चोरी तथा चोरी का सामान रखने से संबंधित कई मामले पहले भी दर्ज हो चुके हैं।

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप, महिला समेत दो गिरफ्तार

पंचकूला/यूटर्न/04 जून। पंचकूला पुलिस ने एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर उसका अश्लील वीडियो बनाने, ब्लैकमेल करने और कथित तौर पर देह व्यापार के लिए मजबूर करने के मामले में एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार चंडीगढ़ निवासी पीड़िता ने सबसे पहले चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत दी थी। क्योंकि कथित घटना पंचकूला क्षेत्र में हुई थी, इसलिए चंडीगढ़ पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला आगे की कार्रवाई के लिए पंचकूला पुलिस को स्थानांतरित कर दिया।

शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह चंडीगढ़ स्थित एक दुकान में काम करती थी। इसी दौरान दुकान मालिक की पत्नी ने उससे दोस्ती की और उसे बहाने से पंचकूला के एक फ्लैट में ले गई। वहां उसे कथित तौर पर नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया गया। आरोप है कि महिला के साथी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। पीड़िता का आरोप है कि बाद में आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और परिवार को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया। इसके साथ ही उस पर देह व्यापार में शामिल होने का दबाव भी बनाया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता के न्यायालय में बयान दर्ज करवाए और मेडिकल परीक्षण कराया। जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर मुख्य आरोपी और उसकी महिला सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच महिला एएसआई कविता द्वारा की गई। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि जीरो एफआईआर प्राप्त होते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

Uturn Time 05 June 2026_Layout 2 04-06-2026 23:08 Page 9



# पूर्व सीएम कैप्टन कर सकते हैं कांग्रेस में वापसी, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा हम टच में हैं

पंजाब/यूटर्न/4 जून। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस में वापसी की चर्चाएं तेज हो गई हैं। हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह हमारे टच में हैं। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं और हमारे वरिष्ठ साथी हैं। कैप्टन और हुड्डा अच्छे दोस्त माने जाते हैं। इस वजह से कयास लगने लगे हैं कि कहीं हुड्डा कैप्टन की कांग्रेस में वापसी की कोशिश तो नहीं कर रहे। कैप्टन के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा इसलिए तेज हुई कि वह लगातार कांग्रेस की तारीफ कर रहे हैं। वहीं इस मामले में पंजाब भाजपा के प्रवक्ता प्रितपाल सिंह बलियेवाल ने कहा कि संपर्क में होना कोई बड़ी बात नहीं है। रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा तो कहती हैं कि हुड्डा किसी के संपर्क में नहीं रहते। हुड्डा ने सिर्फ संपर्क में होने की बात कही, इसके कोई और मायने नहीं निकाले जाने चाहिए।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा पूर्व सीएम हरियाणा

कैप्टन अमरिंदर सिंह पूर्व सीएम पंजाब

## भाजपा से नाराज चल रहे कैप्टन

कैप्टन ने केवल ढिल्लों को पंजाब बीजेपी का नया प्रधान बनाने का विरोध किया था। कैप्टन ने कहा था कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब ढिल्लों सक्रिय जरूर थे, लेकिन जमीन (फील्ड) पर उनका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा, जैसा होना चाहिए था। इस मामले में भाजपा ने मुझसे कोई राय नहीं ली। कांग्रेस और भाजपा की कार्य नीति की तुलना करते हुए कैप्टन ने कहा कि मैं कांग्रेस में तीन बार अध्यक्ष रहा और वहां हमेशा मुझसे सलाह ली जाती थी। लेकिन भाजपा में पूरी तरह अलग संस्कृति है। यहां बस फैसला ऊपर से आता है, किसी से पूछा नहीं जाता।

## गठबंधन की बात नहीं मान रही भाजपा

कैप्टन अमरिंदर पंजाब में चुनाव को लेकर अकाली दल से गठबंधन के पक्ष में हैं। वह खुलकर इसकी पैरवी करते हैं। इसके उलट भाजपा के नेता बार-बार कह रहे हैं कि हम सभी 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेंगे। कैप्टन ने कुछ समय पहले कहा था कि मैं आज भी कांग्रेस को मिस करता हूं। कांग्रेस एक फैमिली की तरह है। मैं जब भी फोन करता था, तो वह मुझसे मिल लेते थे। मगर, भाजपा में ये सिस्टम नहीं है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा था- मेरे जन्मदिन पर राहुल गांधी ने बधाई संदेश भेजा था। हाल ही में मेरे भाई रणधीर के निधन पर भी उनका शोक संदेश आया, लेकिन भाजपा से किसी ने भी संवेदना व्यक्त नहीं की।

# आतंकी साजिश में तीन कश्मीरी छात्रों को 10-10 साल कैद; सीटी यूनिवर्सिटी से विस्फोटक व हथियार समेत हुए थे गिरफ्तार

पंजाब/यूटर्न/4 जून। मोहाली की एनआईए कोर्ट ने आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीएच) से जुड़े तीन कश्मीरी छात्रों को 10 साल की सजा सुनाई है। दोषियों में एक आतंकी जाकिर मूसा का चचेरा भाई भी शामिल है। वहीं, इस मामले में आरोपी रहे सुहैल अहमद भट को कोर्ट पहले ही बरी कर चुकी है। दोषी जाहिद गुलजार, यासिर रफीक भट और मोहम्मद इदरीस शाह कश्मीर के रहने वाले हैं। एक जून को कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार दिया था। आज उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया, जहां सजा सुनाई गई। फिलहाल कोर्ट के आदेश की कॉपी सामने नहीं आई है। सभी दोषी इस समय जेल में बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें देश के खिलाफ साजिश रचने, यूएपीए, आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव एक्ट से जुड़े मामलों में दोषी पाया। इन आतंकियों को सीटी इंस्टीट्यूट जालंधर से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया था कि उनका चंडीगढ़ आना-जाना लगा रहता था।



## ६२ गवाह पेश, इनमें तीन आरोपियों के पिता

अभियोजन पक्ष ने आरोप साबित करने के लिए 62 गवाहों के बयान दर्ज कराए। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से कोई गवाह पेश नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले से जुड़े मुख्य वार्डन कुलवंत सिंह का बयान भी कोर्ट विटनेस के रूप में दर्ज किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष को उस समय झटका लगा, जब उसके तीन अहम गवाह अपने पहले दिए गए बयानों से पीछे हट गए। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें होस्टाइल घोषित कर दिया। इनमें यासिर रफीक भट्ट के पिता मोहम्मद रफीक भट्ट, मोहम्मद इदरीस शाह के पिता अब्दुल कय्यूम शाह और जाहिद गुलजार राथर के पिता गुलजार अहमद राथर शामिल थे।

## हॉस्टल में रहकर बना रहे थे आतंकी साजिश

साल 2018 में पुलिस को सूचना मिली थी कि जालंधर के सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में पढ़ने वाले कुछ छात्र आतंकी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इसके बाद 10 अक्टूबर 2018 को पुलिस ने हॉस्टल के एक कमरे में छापा मारकर तीन कश्मीरी छात्रों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार छात्रों की पहचान जाहिद गुलजार (अवंतीपोरा), यासिर रफीक भट (त्राल) और मोहम्मद इदरीस शाह (पुलवामा) के रूप में हुई थी। यासिर रफीक भट आतंकी जाकिर मूसा का चचेरा भाई है। आरोपियों से एके-47 राइफल, एक माउजर पिस्टल, बड़ी संख्या में कारतूस और करीब एक किलोग्राम विस्फोटक पाउडर बरामद हुआ था।

# जीरकपुर में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, विदेशी नागरिकों को ट्रैवल एजेंट बनकर ठगने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

जीरकपुर/यूटर्न/04 जून। जीरकपुर पुलिस ने ग्लोबल बिजनेस पार्क में संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी रहोमटाउन ट्रैवलर के नाम से कॉल सेंटर चलाकर विदेशी नागरिकों को ट्रैवल एजेंट बनकर ठगी का शिकार बना रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी फर्जी पहचान और भ्रामक जानकारी का इस्तेमाल कर विदेशों में रहने वाले लोगों से संपर्क करते थे और उन्हें विभिन्न ट्रैवल सेवाओं के नाम पर अपने जाल



में फंसाकर पैसे ऐंठते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से पांच कंप्यूटर, एक लैपटॉप तथा अन्य डिजिटल उपकरण भी बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उन्हें रिमांड पर लेकर पूरे नेटवर्क की जांच की जाएगी। आशंका है कि रिमांड के दौरान इस ठगी रैकेट से जुड़े कई अन्य अहम खुलासे हो सकते हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया और ठगी की कुल रकम कितनी है।

# खालसा एंट्री टैक्स पर बढ़ा विवाद, सीएम सुक्खू ने की सीएम मान से बात, कार्रवाई की मांग



पंजाब/यूटर्न/4 जून। हिमाचल प्रदेश की बाउंड्री पर खालसा टैक्स को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीरवार पंजाब सीएम भगवंत मान से मुलाकात की। राज्य के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सीएम सुक्खू ने पंजाब सरकार से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, बीते बुधवार को पंजाब में हिमाचल प्रदेश की गाड़ियों से खालसा टैक्स वसूला गया। पंजाब में निहंगों ने हिमाचल सरकार के एंट्री टैक्स के विरोध में ऐसा किया और संदेश दिया कि हिमाचल का एंट्री टैक्स गलत है। इसे खत्म किया जाए। कैबिनेट मंत्री जगत नेगी ने कहा कि ये अकाली दल और भाजपा की सोची समझी साजिश है। जब भी टूरिस्ट सीजन शुरू होता है उसके बाद इस तरह की हरकत की जाती है। पहले कसोल में टूरिस्ट ने गोली चलाई और उसके बाद बॉर्डर पर से यह सब शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि खालसा टैक्स गैर कानूनी है। हिमाचल नंबरों की गाड़ियों को बीते कल कीरतपुर में रोककर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक खालसा टैक्स काटा गया। पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद दोपहर बाद यह टैक्स लेना बंद किया गया।

# लुधियाना में ओवरस्पीड का कहर, रेहड़ी को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत, पर्चा दर्ज

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/4 जून। थाना सलेम टाबरी क्षेत्र की जस्सियां रोड पर हुए सड़क हादसे में गंभीर जख्मी छोले-कुलचे विक्रेता उमा शंकर शाह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा दी शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मूल



रूप से बिहार जिला सिवान के रहने वाले उमा शंकर शाह लुधियाना में छोले-कुलचे की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके पुत्र धनंजय कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 30 मई की रात करीब 10:30 बजे उनके पिता काम समाप्त कर अपनी रेहड़ी लेकर घर लौट रहे थे। जब वह जस्सियां रोड टी-प्वाइंट के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार सफेद रंग की आई-10 कार ने उनकी रेहड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रेहड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उमा शंकर शाह गंभीर रूप से घायल हुए। आरोप है कि दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों की मदद से घायल को पहले सिविल अस्पताल और बाद में डीएमसी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान 3 जून को उनकी मौत हो गई। शिकायतकर्ता के अनुसार स्थानीय स्तर पर की गई पड़ताल के बाद कथित चालक की पहचान सलमान पुत्र रफीक निवासी कृष्णा एन्क्लेव, चूहरपुर रोड, लुधियाना के रूप में हुई है। थाना सलेम टाबरी के एसएचओ हर्षबीर सिंह संधू ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

Uturn Time 05 June 2026_Layout 2 04-06-2026 23:08 Page 10



# पूर्व भारतीय जासूस जसविंदर राणा ने सुरक्षा मुहैया कराने की लगाई गुहार

## पाकिस्तान खुफिया एजेंसी और आतंकी नेटवर्क से मिल रही हैं धमकियां

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। पाकिस्तान में देशहित में कई संवेदनशील खुफिया मिशनों को अंजाम दे चुके पूर्व भारतीय जासूस जसविंदर राणा ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार से तत्काल सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उनका आरोप है कि उन्हें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और आतंकवादी नेटवर्क से जुड़े तत्वों की ओर से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।



चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जसविंदर राणा ने कहा कि देश की सेवा के लिए अपनी जान जोखिम में डालने के बावजूद वह वर्ष 2005 से भारत में भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन बिताने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार सुरक्षा संबंधी खतरे झेलने पड़ रहे हैं तथा पाकिस्तान से कथित तौर पर धमकी भरे फोन भी प्राप्त होते रहे हैं। राणा के अनुसार, वर्ष 2005 में पाकिस्तान में एक अत्यंत संवेदनशील मिशन सफलतापूर्वक पूरा कर भारत लौटने के बाद उनके खिलाफ खतरे और बढ़ गए। उस समय वह मुंबई में रह रहे थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें मुंबई छोड़कर देश के विभिन्न हिस्सों में रहना पड़ा। वर्ष 2012 से वह पंजाब के होशियारपुर में रह रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में मुंबई में उनके एक सहयोगी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद उनकी चिंताएं और बढ़ गईं। उनका कहना है कि इस हत्या ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि उनके खिलाफ खतरे वास्तविक हैं और सुरक्षा एजेंसियों को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। जसविंदर राणा ने कहा कि उन्होंने सुरक्षा की मांग को लेकर कई बार विभिन्न सरकारी अधिकारियों और विभागों से संपर्क किया है। वर्ष 2019 में उन्होंने पहली बार सरकार के समक्ष औपचारिक रूप से अपनी सुरक्षा संबंधी चिंता रखी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार संबंधित राज्य सरकार को उनकी सुरक्षा जरूरतों का आकलन कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दे चुकी है, लेकिन प्रक्रिया में देरी के कारण वह अभी भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने अपने दावों से संबंधित दस्तावेज और प्रमाण भी मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने सरकार से उनके और उनके परिवार की सुरक्षा का व्यापक आकलन कर पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। साथ ही सुरक्षित पुनर्वास और स्थानांतरण में सहायता देने का भी अनुरोध किया।

पूर्व खुफिया ऑपरेटिव ने देश के नेतृत्व और सुरक्षा संस्थानों पर विश्वास जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि उनकी अपील पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे।

# एशियन रिले एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2027 की तैयारियों एवं आधारभूत संरचना उन्नयन योजनाओं की प्रशासक ने की समीक्षा

चंडीगढ़ /यूटर्न/04 जून। पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज एथलेटिक्स ट्रैक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-7, चंडीगढ़ का दौरा कर मई 2027 में चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली एशियन रिले एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2027 की तैयारियों तथा प्रस्तावित आधारभूत संरचना उन्नयन योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य सचिव श्री एच. राजेश प्रसाद तथा पंजाब के राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक प्रताप सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे।



दौरे के दौरान प्रशासक ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध वर्तमान सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के सफल आयोजन हेतु चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने बड़ी संख्या में दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि दर्शक दीर्घा के ऊपर मजबूत एवं टिकाऊ शेड्स का निर्माण किया जाए, ताकि दीर्घकालिक रूप से आमजन को सुविधा मिल सके।

प्रशासक ने खिलाड़ियों, अधिकारियों, दर्शकों तथा एशिया के विभिन्न देशों से आने वाले आगंतुकों के लिए सुगम प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाएं, खिलाड़ियों के अनुकूल आधारभूत संरचना तथा अन्य आवश्यक जनसुविधाओं के विकास के महत्व पर भी विशेष जोर दिया, ताकि सभी को एक सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक अनुभव प्रदान किया जा सके। गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि एशियन रिले एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी करना चंडीगढ़ के लिए गर्व का विषय है तथा यह शहर की खेल आधारभूत संरचना और अंतरराष्ट्रीय खेल पहचान को और सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप से युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा चंडीगढ़ की अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों के सफल आयोजन की क्षमता भी प्रदर्शित होगी। इस अवसर पर गृह सचिव श्री मनदीप सिंह बराड़, खेल सचिव प्रेरणा पुरी, मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा, निदेशक खेल सौरभ कुमार अरोड़ा, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक (प्रतियोगिता) रविंदर चौधरी सहित चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बेटे की आंखों के सामने बुजुर्ग पिता को कुचल गई स्कॉर्पियो, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

लालडू/यूटर्न/04 जून। मलकपुर और बल्लोपुर के बीच लिंक रोड पर हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। सबसे मार्मिक पहलू यह रहा कि बेटे की आंखों के सामने उसके पिता को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस को दिए बयान में गांव मलकपुर निवासी हरकीरत सिंह ने बताया कि वह अपने पिता महेंद्र सिंह के साथ 2 जून को दोपहर निजी काम से लालडू मंडी जा रहा था। दोनों अलग-अलग वाहनों पर सवार थे। हरकीरत सिंह एक्टिवा चला रहा था, जबकि उसके पिता स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर उससे आगे चल रहे थे।

# चंडीगढ़ में स्ट्रीट लाइटों के इलेक्ट्रिक कॉन्टैक्टर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 9 कॉन्टैक्टर बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्ट्रीट लाइटों से इलेक्ट्रिक कॉन्टैक्टर चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 9 इलेक्ट्रिक कॉन्टैक्टर भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामाधार (21) पुत्र कन्या लाल निवासी गांव कुमड़ा, सेक्टर-68, मोहाली के रूप में हुई है। उसका स्थायी पता गांव संडिला, पोस्ट ऑफिस भेंडर, जिला हरदोई (उत्तर प्रदेश) है। पुलिस के अनुसार थाना सेक्टर-39 में 3 जून 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) और 317(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह निवासी सेक्टर-41ए, चंडीगढ़ ने पुलिस को बताया कि वह नगर निगम के इलेक्ट्रिशियन के तौर पर कार्यरत हैं। 3 जून को वह सेक्टर-37 में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि सेक्टर-37 और 41 के लाइट प्वाइंट्स पर लगे कई इलेक्ट्रिक कॉन्टैक्टर गायब थे। शिकायतकर्ता और पुलिस टीम ने मौके पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया और संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) को सूचना दी। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 पर कॉल की गई और पुलिस मौके पर पहुंची।




# सेक्टर-56 से 11.5 ग्राम हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार, पहले भी दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों और नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए सेक्टर-56 निवासी 54 वर्षीय महिला गीता को 11.5 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार यूटी एसएसपी के निर्देशों पर शहर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-39 थाना पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार कर रहे थे।



मामले की शिकायतकर्ता लेडी सब-इंस्पेक्टर रजनी देवी ने बताया कि 3 जून को वह पुलिस टीम के साथ सेक्टर-56 क्षेत्र में गश्त पर थीं। इसी दौरान सरकारी स्कूल के नजदीक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल एक महिला को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 11.5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के पास न तो कोई लाइसेंस था और न ही मादक पदार्थ रखने संबंधी कोई वैध अनुमति। पुलिस ने आरोपी गीता पत्नी स्वर्गीय राम सिंह, निवासी मकान नंबर 6551, सेक्टर-56, चंडीगढ़ के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत एफआईआर नंबर 94, दिनांक 3 जून 2026 दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**पहले भी दर्ज हैं कई आपराधिक मामले...** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गीता का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उसके खिलाफ हरियाणा के पिंजौर थाना समेत चंडीगढ़ के विभिन्न थानों में चोरी और घर में सेंधमारी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं।

# छत लाइट प्वाइंट पर फिर टकराए दो ट्राले, सिग्नल बंद होने से हुआ हादसा, रात 12 से 1 बजे के बीच हुई दुर्घटना

## चालक घायल; हाइड्रा से हटाए गए वाहन, हर सप्ताह देर रात हो रहे हादसों पर उठे सवाल





जीरकपुर/यूटर्न/04 जून। जीरकपुर के व्यस्त छत लाइट प्वाइंट पर बुधवार देर रात एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हो गया। रात करीब 12 से 1 बजे के बीच दो ट्राले आपस में टकरा गए, जिससे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। हादसे में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ, हालांकि एक चालक को मामूली चोटें आने पर अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार राजस्थान नंबर का एक खाली ट्राला, जिसे चालक संपत लाल चला रहा था, चंडीगढ़ से पटियाला की ओर जा रहा था। वहीं दूसरा ट्राला एयरपोर्ट रोड से अंबाला की दिशा में जा रहा था। जैसे ही दोनों वाहन छत लाइट प्वाइंट चौराहे पर पहुंचे, उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों और चालकों के अनुसार चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल बंद होने के कारण



यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों ट्राले लगभग एक ही समय पर चौराहे में प्रवेश कर गए, जिससे दुर्घटना हो गई।

मौके पर पहुंचे ट्रैफिक पुलिस के एएसआई इंद्रजीत सिंह ने बताया कि हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि दोनों वाहनों का संतुलन बिगड़ने के कारण टक्कर हुई। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि रात के समय सिग्नल बंद होने की स्थिति में विशेष सावधानी बरतें और नियंत्रित गति से वाहन चलाएं। हादसे के बाद चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक इंचार्ज जसवीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त ट्रालों को सड़क से हटाने के लिए हाइड्रा मशीन की मदद ली गई, जिसके बाद यातायात सामान्य किया गया।

इस दौरान सड़क सुरक्षा फोर्स-112 की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य किया। फोर्स के इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि छत लाइट प्वाइंट पर देर रात अक्सर सड़क हादसे सामने आते हैं। उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी से ऐसे संवेदनशील स्थानों पर तत्काल सहायता और आवश्यक मशीनरी उपलब्ध कराने की मांग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हेरोइन तस्करी के 4 आरोपी गिरफ्तार, 258 ग्राम हेरोइन, रिवॉल्वर और कार बरामद





सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/04 जून। बठिंडा पुलिस ने हेरोइन की तस्करी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 258 ग्राम हेरोइन, एक कार और एक देसी रिवॉल्वर बरामद की है। गिरफ्तार किए गए युवक अलग-अलग जिलों के निवासी हैं और एक संगठित गिरोह बनाकर नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहे थे। फूल पुलिस स्टेशन की टीम को यह सफलता चेकिंग के दौरान मिली। टीम ने एक इटियोस कार से 20 ग्राम हेरोइन के साथ तीन युवकों को पकड़ा। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने कुल 258 ग्राम हेरोइन, एक देसी रिवॉल्वर और 19 जिंदा कारतूस बरामद किए। आगे की जांच में पुलिस ने राजस्थान के शाहपिनी गांव निवासी एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी वेरोजगार हैं और इनकी उम्र 23 से 28 वर्ष के बीच है। एसपी सिटी बठिंडा नरिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान इन आरोपियों को पकड़ा था। उन्होंने कहा कि ये युवक जल्दी पैसा कमाने के लालच में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल हो गए थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है। इस मामले में आने वाले दिनों में और खुलासे होने की संभावना है। आरोपियों में से एक के खिलाफ पहले से ही दो मामले दर्ज हैं।

# कियारा का ग्लैमरस अवतार, फैंस बोले- नजरें हटाना मुश्किल




अभिनेत्री कियारा आडवाणी का नया स्टाइलिश फोटोशूट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सिल्वर आउटफिट और शानदार लुक में कियारा ने फैशन प्रेमियों का दिल जीत लिया है। रात के खूबसूरत माहौल में कराया गया यह फोटोशूट फैंस को खूब पसंद आ रहा है। कियारा का आत्मविश्वास और ग्लैमरस अंदाज एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है।

# मेक्सिको सिटी में चमका होशियारपुर का सितारा, 17 वर्षीय फुटबॉलर आकाश ने बढ़ाया भारत का मान



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/04 जून। फुटबॉल के क्षेत्र में विदेश की धरती पर अपने गाँव, ब्लॉक, ज़िला, पंजाब और भारत का नाम रोशन करने वाले 17 वर्षीय फुटबॉल खिलाड़ी आकाश के साथ एक विशेष बातचीत आयोजित की गई। आकाश ने स्ट्रीट चाइल्ड वर्ल्ड कप 2026, मेक्सिको सिटी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम YFC को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गोलकीपर के रूप में खेलते हुए आकाश और उनकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा तथा बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि टीम उपविजेता रही, लेकिन उनके प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया। आकाश के अपने गाँव पंजौड़ (जिला होशियारपुर) लौटने पर पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया, मिठाइयाँ बांटीं और इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। लोगों ने आकाश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिए। विशेष बातचीत के दौरान आकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया। साथ ही उन्होंने अपने दिवंगत कोच स्वर्गीय जसी प्रमुख को अपनी इस उपलब्धि का मुख्य प्रेरणास्त्रोत बताया। आकाश ने कहा कि फुटबॉल की बारीकियों से लेकर मैदान में अनुशासन, अभ्यास और खेल भावना की सीख उन्हें स्व. जसी प्रमुख से ही मिली थी। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उनके कोच ने उन्हें फुटबॉल से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात सिखाई और आज जो भी सफलता उन्हें मिली है, उसमें उनके कोच का सबसे बड़ा योगदान है। आकाश ने अपने गाँव के सभी धार्मिक स्थलों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें वहां से हमेशा आशीर्वाद और प्रेरणा मिलती रही है। आकाश की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और गाँव के लिए बल्कि पूरे पंजाब और देश के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

Uturn Time 05 June 2026_Layout 2 04-06-2026 23:08 Page 12



# बचपन का सपना 50 साल बाद हुआ साकार, मुंबई में होने वाले सीनियर मिस्टर इंडिया के ग्रैंड फिनाले में संजीव दिखाएंगे अपने जलवे

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/04 जून। कहते हैं कला कुदरत की देन है और कला को प्रदर्शित करने के लिए कोई उम्र की सीमा नहीं होती। मौका मिले तो कला किसी भी उम्र में प्रदर्शित की जा सकती है। ऐसे ही अपने बचपन के शौंक को पूरा करने जा रहे हैं लुधियाना के संजीव कुमार प्लाहा जो 9 जून को मुंबई होने वाले सीनियर मिस्टर एंड मिसेज इंडिया 2026 प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में अपने अंदाज बिखेरेंगे। इस प्रतियोगिता में 50 प्लस आयु के प्रतियोगी ही भाग ले सकते हैं।



**पंजाब से इकलौते प्रतियोगी:** पीच इवेंट की रेखा देसाई द्वारा आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर से चयनित मॉडल्स में से लुधियाना के संजीव पंजाब के इकलौते प्रतियोगी हैं जो इस ग्रैंड फिनाले का हिस्सा बनेंगे। यह जानकारी देते हुए संजीव ने बताया कि इसके लिए उनकी रजिस्ट्रेशन और इंटरव्यू भी हो चुकी है और वह इस इवेंट में भाग लेने के लिए शुक्रवार को लुधियाना से मुंबई के लिए रवाना होंगे।

**पूनम ढिल्लों भी शिरकत करेंगी:** इस ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों मुख्य तौर पर शामिल होंगी। इसके इलावा फिल्म एंड टीवी एक्टर तनाज ईरानी के सहित बॉलीवुड के कई कलाकार भी इस अवसर पर शिरकत करेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को टेलेंट राउंड, इंट्रोडक्शन राउंड, एथनिक राउंड आदि से अपनी कला को प्रदर्शित करना होगा।


**बचपन का सपना हुआ सच:** पेशे से फैशन डिजाइनर संजीव प्लाहा ने बताया कि मॉडलिंग और एक्टिंग उनका बचपन का शौंक है और इतने बड़े मंच पर पहुंचना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे उनका बचपन का सपना सच हुआ है। उन्होंने बताया कि अब उनकी तमन्ना फिल्म इंडस्ट्री में किरदार निभाने की है और इसके साथ साथ विज्ञापन और मॉडलिंग क्षेत्र में भी अपना कदम आगे बढ़ाने की योजना है।

**दोस्तो ने दी शुभकामनाएं:** संजीव कि इस उपलब्धि पर उनके दोस्तों, पारिवारिक सदस्यों में खुशी की लहर है और सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और ग्रैंड फिनाले जीतने को जीतने के लिए हौंसला दिया।

# दाऊद की धमकी पर ललित मोदी का बड़ खुलासा, बोले, 'डर के मारे पैंट में ही निकल गया यूरिन'

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जून। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने दावा किया है कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके सिंडिकेट की वजह से ही उन्होंने हमेशा के लिए क्रिकेट प्रशासन छोड़ दिया था। उन्हें गंभीर अंजाम भुगतने की धमकियां मिली थीं। भारत के अरबों डॉलर के टी20 टूर्नामेंट के संस्थापक ने एक धमाकेदार इंटरव्यू में कथित जबरन वसूली की कोशिशों, हत्या की साजिशों और एक नाटकीय देर रात के आमने-सामने के वाकये का विस्तार से ज़िक्र किया।

इस वाकये में एक सैटेलाइट फोन के जरिए सीधे उस भगोड़े गैंगस्टर से बात हुई थी। ललित मोदी, जो 2010 में वित्तीय और प्रशासनिक जांचों के बीच भारत छोड़ने के बाद से लंदन में रह रहे हैं, ने बताया कि अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क को बढ़ावा देने से इनकार करने की वजह से वह 'डी-कंपनी' सिंडिकेट के मुख्य निशाने पर आ गए थे। मोदी के मुताबिक, सबसे सीधा आमना-सामना 2012 में लंदन में हुआ था। उन्होंने दावा किया कि सुबह 3:30 बजे लंदन में मौजूद एक 'फिक्सर' ने उनसे संपर्क किया और उन पर दबाव डाला कि वह बाबा नाम के एक रसूखदार बिचौलिए के पेंटहाउस अपार्टमेंट में जाएं।



## डर से निकल गया यूरीन

वहां पहुंचने पर, बिचौलिए ने कथित तौर पर छत पर जाकर एक सैटेलाइट फोन पर दाऊद इब्राहिम को फोन लगाया और उस भगोड़े गैंगस्टर को स्पीकर पर डालकर मोदी से बात करवाई। ललित मोदी ने एएनआई को बताया, ?मेरा डर के मारे अपनी पैंट में ही यूरीन निकल गया, मैं आपको सच बता रहा हूं। बिना किसी शक के। ठीक उसी वक्त, वहीं पर। उन्होंने आगे बताया कि उस समय उनके अपार्टमेंट के नीचे ब्रिटिश टी-5 सुरक्षाकर्मी तैनात थे। उसने बस इतना कहा, अब से तुम्हारा सारा काम खत्म और फोन काट दिया।

## एक टीम पर जमाना है कब्जा

- मोदी ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद उस बिचौलिए के हफ़्ते में कई फोन आने लगे। वह बिचौलिया पैसों की मांग करता था और दावा करता था कि अंडरवर्ल्ड आईपीएल की किसी एक टीम (फ्रैंचाइज़ी) पर अपना कब्जा जमाना चाहता है। सिंडिकेट का तर्क था कि मोदी पर उनका कुछ बकाया है, क्योंकि मोदी के प्रशासनिक फैसलों की वजह से उन्हें अंडरग्राउंड सट्टेबाजी बाजार (सट्टा बाजार) में भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

## दक्षिण अफ्रीका में टूर्नामेंट का अचानक आयोजन

- मोदी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड की उनके प्रति दुश्मनी 2009 में आईपीएल के दूसरे सीजन के दौरान अपने चरम पर पहुंच गई थी। भारत में आम चुनावों की तारीखों से टकराव होने की वजह से, ललित मोदी ने अचानक पूरे टूर्नामेंट को दक्षिण अफ्रीका में शिफ़्ट करने का फैसला कर लिया। उनका दावा है कि इस अचानक हुए बदलाव की वजह से, सट्टेबाजी के विशाल अंडरग्राउंड बाजार में पूरी तरह से अफरा-तफरी मच गई थी। कथित तौर पर सिंडिकेट बुकमेकर्स ने इस बात पर भारी दांव लगाए थे कि टूर्नामेंट पूरी तरह से रद्द हो जाएगा।

# हरियाणा के पूर्व CM भूपेंद्र हुड्डा बोले- अमरिंदर हमारे टच में; पूर्व सीएम इखढ पर नाराजगी जता चुके

नवीन गोगना



पंजाब/यूटर्न/04 जून। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व उट कैप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस में वापसी की चचाएं तेज हो गई हैं। हरियाणा के पूर्व उट भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह हमारे टच में हैं। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं और हमारे वरिष्ठ साथी हैं। कैप्टन और हुड्डा अच्छे दोस्त माने जाते हैं। इस वजह से कयास लगने लगे हैं कि कहीं हुड्डा कैप्टन की कांग्रेस में वापसी की कोशिश तो नहीं कर रहे। कैप्टन के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा इसलिए तेज हुई कि वह लगातार कांग्रेस की तारीफ कर रहे हैं।

# चंडीगढ़ में नक्शा प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने पर जोर, जॉइंट कमिश्नर ने की समीक्षा बैठक



चंडीगढ़/यूटर्न/04 जून। नगर निगम चंडीगढ़ के जॉइंट कमिश्नर डॉ. इंदर जीत ने आज नक्शा पायलट प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। यह प्रोजेक्ट शहर के चयनित गांवों के आबादी क्षेत्रों में भूमि और स्वामित्व रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। बैठक में स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के अधिकारियों के साथ-साथ परियोजना से जुड़े जूनियर इंजीनियर भी उपस्थित रहे। इस दौरान सारंगपुर, अट्टावा, बुटैल, कजेहरी और पलसोरा गांवों में चल रहे फील्ड सर्वे, रिकॉर्ड तैयार करने और परियोजना की समयसीमा पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रगति की समीक्षा करते हुए डॉ. इंदर जीत ने संबंधित सर्वे टीमों और अधिकारियों को शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और तय समयसीमा के भीतर सभी लंबित कार्य पूरे करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल भूमि और स्वामित्व रिकॉर्ड तैयार करते समय उच्च स्तर की सटीकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नक्शा प्रोजेक्ट भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन को आधुनिक बनाने और नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे विश्वसनीय, अद्यतन और आसानी से उपलब्ध डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों को बेहतर सार्वजनिक सेवाएं मिल सकेंगी।

जॉइंट कमिश्नर ने सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया ताकि परियोजना का कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि यह पायलट प्रोजेक्ट चंडीगढ़ में कुशल रिकॉर्ड प्रबंधन को बढ़ावा देने और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372